# RSP COLLEGE, JHARIA, DHANBAD

Notice No. RSPC/S/N/73/2026.

## NOTICE

Date - 06-08-2026

**Subject:** ***Application for Central Sector Scholarship Scheme (PM-USP-CSSS) through National Scholarship Portal***

All the students of UG 1st Year of R.S.P. College, Jharia are hereby informed that applications are invited for the Central Sector Scholarship Scheme (PM-USP-CSSS) through the National Scholarship Portal (NSP).

**<u>Key Details:</u>**

**Eligibility:** Students who have passed the 2026 Intermediate Examination and come under the Top 20 percentile in any faculty – Arts / Commerce / Science.

**Scholarship Amount:** ₹10,000/- per year.

**Mode of Payment:** Direct Benefit Transfer (DBT) to the student's Aadhaar-linked bank account.

Students are advised to read the detailed guidelines and eligibility criteria attached herewith with this notice carefully. Interested and eligible students should apply immediately through the National Scholarship Portal:

**https://scholarships.gov.in**

The last date for application is as per NSP portal. Students are requested not to wait till the last date.For any assistance regarding online application, feel free to contact the college office.

Bhattacharjee 06/8/26
Nodal Officer
R.S.P. College

06/08/26
Principal (I/c)
R.S.P. College, Jharia
Dhanbad

PRINCIPAL
R. S. P. COLLEGE, JHARIA, DHANBAD

**Encl: Details of PM-USP-CSSS**

***<u>Copy for wide circulation</u>*** : College Website / Notice Board / S.O.G , General Section / In-Charge , Library / Watsaap Group of all Department / All counter clerk

Dr. Natwa Hansdak
CHAIRMAN

JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL,RANCHI
Gyandeep Campus, Bargawan, Namkum,
Ranchi – 834010
ज्ञानदीप परिसर, बड़गावाँ, नामकुम,
राँची – 834010
फोन : 0651-2261181
0651. 2261999(F)
www.jac.jharkhand.gov.in

Ref: JAC/CSSS/ Sch/ JAC/SCH/CSSS/93/23/CC/98/26 Date: 01.07.2026

सेवा में,

कुलपति
सभी विश्वविद्यालय,
राँची विश्वविद्यालय, राँची
डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, विश्वविद्यालय राँची
नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
बिनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
सिद्धो–कान्हू–मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका
विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद
केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राँची
राज्य के सभी अंगीभूत महाविद्यालय

विषय :– **सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटी (PM-USP-CSSS) छात्रवृत्ति हेतु आवेदन भरने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करते हुए अंकित करना है कि ''सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी'' के तहत् वैसे छात्र/छात्राएँ, जो 2026 में इंटरमीडिएट कला, विज्ञान या वाणिज्य की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हों, एवं **Top 20 Percentile** के अन्तर्गत आते हों वैसे सभी मेधावी छात्र/छात्राओं को MHRD New Delhi के द्वारा उक्त छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना है। इसके तहत् झारखण्ड राज्य हेतु कुल 1878 छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना है, परन्तु जानकारी के अभाव में बहुत ही कम छात्र/छात्राएँ इसके लिए आवेदन कर पाते हैं। फलस्वरूप झारखण्ड राज्य का कोटा रिक्त रह जाता है।

इन छात्र/छात्राओं को MHRD, New Delhi के द्वारा अग्रेत्तर अध्ययन हेतु 10,000/- (दस हजार) रूपया प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है। छात्रवृत्ति संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार के **National Scholarship Portal** पर उपलब्ध है। इसमे छात्र/छात्राएँ स्वयं **Scholarships.gov.in** पर login कर अपना ID बनाकर Data Submit कर सकते हैं। छात्रवृत्ति का भुगतान MHRD, New Delhi के द्वारा DBT के माध्यम से सीधे लाभुकों के खाते में किया जाता है। इसके लिए NSP Portal पर Online आवेदन आमंत्रित किये जा रहें हैं। **Top 20 Percentile** की सूची MHRD, New Delhi को उपलब्ध कराई जा रही है।

किसी प्रकार की कठिनाई होने पर छात्र/छात्राएँ NSP Portal के दूरभाष संख्या –120–6619540 या helpdesk@nsp.gov.in पर या छात्रवृत्ति कोषांग के दूरभाष संख्या 7485093439 पर पर सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त के संबंध मे परिषद् द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इस संबंध में भवदीय स्तर से सभी महाविद्यालयों/छात्र/छात्राओं को एतद् विषयक दिशा–निर्देश देने की कृपा की जाय। हमें विश्वास है कि आपके सहयोग से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड प्रदेश हेतु निर्धारित लक्ष्य 1878 की संप्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

विश्वासभाजन
Hansdak 01/07/2026
(डॉ० नटवा हाँसदा)
अध्यक्ष
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

https://jac.jharkhand.gov.in

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

**WEB-NOTICE – ....32..../2026**

ज्ञापांक : दिनांक :

**वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में।**

एतद् द्वारा झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण ऐसे छात्र/छात्रा, जिनका परीक्षाफल अपने संकाय (कोटिवार) में Top 20th Percentile/above 80th Percentile of Successful Candidates in relevant stream में सम्मिलित है, को सूचित किया जाता है कि सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र National Scholarship Portal **(https://scholarships.gov.in)** पर Online आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश निम्नवत् है :–

- सर्वप्रथम आवेदक पोर्टल पर **New Registration Tab** पर वांछित जानकारी को प्रविष्ट करते हुए अपना **One Time Registration (OTR)** करेंगें। OTR करने हेतु अपने आधार संख्या एवं आधार में पंजीकृत मोबाईल संख्या का उपयोग करेंगे। OTR, NSP Portal के अतिरिक्त **NSP OTR App,** जो **Google Play Store** पर उपलब्ध है, माध्यम से भी किया जा सकता है।
- आवेदन भरने के लिए लाभुक को अपना मोबाईल नं०., ई.मेल आई.डी., अंक पत्र, अपने बैंक खाता की विवरणी एवं आधार संख्या की आवश्यकता होगी।
- आवेदक NSP Portal के Website पर वर्णित दिशा–निर्देश के अनुरूप फॉर्म भरेंगे।
- Top 20th Percentile के अन्तर्गत आनेवाले छात्र–छात्राओं की सूची NSP Portal पर उपलब्ध है।
- आवेदन करते समय आवेदक अपना इंटरमीडिएट का रौल नं० निम्नयत् रुप में अंकित करेंगे :–
  रौल कोड (**E.g.-11001**) + रौल नं० (**E.g.-10101**) एक साथ (**Total 10 digit**) लिखेंगे। E.g.-1100110101 ; अन्यथा आवेदन कर पाना संभव नहीं हो सकेगा।
- वर्ष 2024 के वैसे पूवर्ती छात्र–छात्राऐं जो गत् वर्ष NSP Portal पर आवेदन कर चुकें है, Renewal हेतु अपना आवेदन करेंगे तथा Website पर वर्णित दिशा–निर्देश के अनुरूप फॉर्म भरना सुनिश्चित करेंगे।
- छात्र–छात्राओं के द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि NSP Portal पर उपलब्ध है।
- परिषद् द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण एवं इस छात्रवृत्ति के लिए योग्य छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन भरने से संबंधित सूचना मात्र प्रकाशित की जा रही है।

...क झारखण्ड के छात्र/छात्राओं को इस छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त इस छात्रवृत्ति प्रदान करने से संबंधित कार्रवाई में परिषद् की कोई भूमिका नहीं है। इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन MHRD, New Delhi द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है एवं चयनित छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि DBT के माध्यम से सीधे लाभुक के खाते में MHRD, New Delhi के द्वारा हस्तांतरित किया जाता है। परिषद् की इसमें कोई भूमिका नहीं रहती है। अतः छात्रवृत्ति प्राप्त होने या नहीं होने के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा परिषद् द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। झारखण्ड अधिविद्य परिषद् सिर्फ सूचना उपलब्ध कराने का एक माध्यम है।

❖ आवेदन प्रपत्र भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में छात्र/छात्राएँ NSP Protal के दूरभाष संख्या, 120-6619540 या helpdesk@nsp.gov.in पर या परिषद् के छात्रवृत्ति कोषांग के दूरभाष संख्या 7485093439 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

कृपया अर्हताधारी एवं योग्य छात्र/छात्राएँ इस छात्रवृत्ति को प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रपत्र आवश्यक रुप से भरना सुनिश्चित करेंगे। ताकि झारखण्ड राज्य के लिए निर्धारित कोटा के अनुरुप सभी छात्र/छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।

नोट :- बाधारहित छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु आधार संख्या का बैंक खाते से Seeding/Link होना आवश्यक होगा।

परिषद् स्तर से पत्राचार कर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों को एतद् संबंधी सूचना प्रदान की जा चुकी है।

अध्यक्ष के आदेश से,

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

ज्ञापांक : JAC/Sch/CSSS/93/23/Secy/520/26, राँची, दिनांक : 8.7.2026

प्रतिलिपि : वरीय सूचना प्रौद्योगिकी पदाधिकारी, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित कि उपरोक्त वेब नोटिस को परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबध में आवश्यक सूचना।**

विज्ञप्ति संख्या– 46 /2026

एतद् द्वारा झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण ऐसे छात्र/छात्रा, जिनका परीक्षाफल अपने संकाय (कोटिवार) में Top 20th Percentile/above 80th Percentile of Successful Candidates in relevant stream में सम्मिलित है, को, सूचित किया जाता है कि सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र National Scholarship Portal **(https://scholarships.gov.in)** पर Online आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित सभी प्रकार दिशा–निर्देश उक्त पोर्टल पर प्रकाशित है। संबंधित छात्र/छात्राओं से अनुरोध है कि National Scholarship Portal पर उपलब्ध दिशा–निर्देश का अनुपालन कर आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा किया सकेगा।

पूर्व से छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राएँ Renewal के लिए आवेदन प्रपत्र पूर्व की भाँति ही ऑनलाइन जमा करेंगे। आवेदन करने संबंधी विस्तृत विवरणी/दिशा–निर्देश परिषद् के Website- **jac.jharkhand.gov.in** के Exam form portal के Notice Section में Web Notice के रूप में प्रकाशित है। किसी भी तरह की असुविधा की स्थिति में कार्यालय अवधि में परिषद् के दूरभाष संख्या– 7485093439 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

ज्ञापांक JAC/SCH/CSSS/93/23/Secy/519/26

दिनांक 8.7.2026

अध्यक्ष के आदेश से

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

विज्ञप्ति संख्या– 46 /2026

एतद् द्वारा झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण ऐसे छात्र/छात्रा, जिनका परीक्षाफल अपने संकाय (कोटिवार) में Top 20th Percentile/above 80th Percentile of Successful Candidates in relevant stream में सम्मिलित है, को सूचित किया जाता है कि सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेंज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र National Scholarship Portal (**https://scholarships.gov.in**) पर Online आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित सभी प्रकार दिशा–निर्देश उक्त पोर्टल पर प्रकाशित है। संबंधित छात्र/छात्राओं से अनुरोध है कि National Scholarship Portal पर उपलब्ध दिशा–निर्देश का अनुपालन कर आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा किया सकेगा।

पूर्व से छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राएँ Renewal के लिए आवेदन प्रपत्र पूर्व की भाँति ही ऑनलाइन जमा करेंगे। आवेदन करने संबंधी विस्तृत विवरणी/दिशा–निर्देश परिषद् के Website- **jac.jharkhand.gov.in** के Exam form portal के Notice Section में Web Notice के रूप में प्रकाशित है। किसी भी तरह की असुविधा की स्थिति में कार्यालय अवधि में परिषद् के दूरभाष संख्या– 7485093439 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

ज्ञापांक JAC/Sch/CSSS/93/23/Secy/519/26

दिनांक 8.7.2026

अध्यक्ष के आदेश से

सचिव,

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,

राँची।